सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{20 फाल्गुन, 1943 (शः)}}{\text{11 मार्च, 2022 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 07

| | | |
|---|---|---|
| (1) | स्वास्थ्य विभाग .. .. .. .. | 04 |
| (2) | ऊर्जा विभाग .. .. .. .. | 02 |
| (3) | आपदा प्रबंधन विभाग .. .. .. .. | 01 |
| | कुल योग -- | 07 |

चालू कराना

58. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 7 फरवरी, 2022 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''डी0एम0सी0एच0 में चार ऑक्सीजन प्लांट फिर भी रोजना 60 से 100 सिलेंडरों की हो रही है खरीदारी'' समाचार को ध्यान रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिये डी0एम0सी0एच0, दरभंगा में चार ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया है जबकि इन चारों ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन उत्पादन का कार्य इनके स्थापनाकाल से ही तकनीकी गड़बड़ियों के कारण नहीं हो पा रहा है और इसके कारण डी0एम0सी0एच0, दरभंगा में प्रतिदिन 190 रुपये की दर से 60 से 100 सिलेन्डर क्रय करना पड़ रहा है जिससे सरकार को आर्थिक हानि भी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डी0एम0सी0एच0 के चारों ऑक्सीजन प्लांट के तकनीकी गड़बड़ियों को दूर करते हुये कबतक चालू कराने का विचार रखती है ?

--------

औचित्य बतलाना

59. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 22 फरवरी, 2022 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''खपत से दोगुना बढ़ा बिजली खरीद का खर्च'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पिछले चार वर्षों में बिजली के उपभोक्ताओं में 64 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि खपत में मात्र 37 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले चार वर्षों में बिजली की खरीद के दर में 75 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसकी भरपाई के लिये राज्य के बिजली उपभोक्ताओं पर शुल्क का बोझ बढ़ाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी कम्पनियों से आधी कीमत पर प्राईवेट कम्पनियाँ बिजली की आपूर्ति करती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मंहगे दर पर बिजली की खरीद करने का क्या औचित्य है ?

--------

विचार रखना

60. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के समस्त ए0पी0एच0सी0, पी0एच0सी0, एस0डी0एच0 से लेकर जिला अस्पतलों में डाटा इंट्री ऑपरेटरों की बहाली हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति शेखपुरा, पटना द्वारा ''उर्मिला इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड'' के साथ एकरारनामा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति के मेमो नम्बर 9308, दिनांक 31 मार्च, 2021 के द्वारा ऑपरेटरों के मानदेय का भुगतान ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, सर्विस चार्जेज, जी0एस0टी0 इत्यादि काटकर 12,626 रुपया का भुगतान करना है जबकि उक्त एजेंसी द्वारा डाटा ऑपरेटरों को मात्र 10,231 रुपयों का ही भुगतान उनके खाते में किया जा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त एजेंसी द्वारा डाटा ऑपरेटरों को एक लैपटॉप देकर मात्र 9,200 रुपया ही मानदेय का भुगतान किया जा रहा है जबकि श्रम विभाग, बिहार सरकार के आदेशानुसार न्यूनतम पारिश्रमिक 451 x 26 = 11,726 रुपया प्रावधानित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य के अन्तर्गत उक्त कार्यरत सभी डाटा ऑपरेटरों को सरकार के आदेश के अनुकूल निर्धारित मानदेय को दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

61. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्यान्तर्गत कुल 210 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ANAESTHETIST, GENERAL MEDICAL OFFICER, GENERAL SURGEON, GYNAECOLOGIST, PAEDIATRICS, RADIOLOGIST के 1189 पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्यान्तर्गत 1348 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में GENERAL MEDICAL OFFICER के 220 पद रिक्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इतने पदों के रिक्त रहने का क्या औचित्य है ?

--------

विचार रखना

62. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड के सरफोरा, भूइया टोला में 8 अप्रील, 2021 को भयानक आगलगी में निर्गुण भुईया, राजेश भुईया, प्रभु राम, दिनेश भुईया तथा रजिया कुंवर की झोपड़ी और उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि तरारी की अंचलाधिकारी, विभा कुमारी ने 18 जुलाई, 2021 को प्रत्येक अग्निपीड़ित को 9,800 रुपये का चेक (भारतीय स्टेट बैंक का) दिया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि वे चेक बाउन्स हो गये और आजतक भूखमरी के शिकार भूमिहीन अग्निपीड़ितों को राहत नहीं मिला ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित अधिकारी पर यथोचित विभागीय कार्रवाई करते हुये उक्त अग्निपीड़ितों को राहत देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

63. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 16 जनवरी, 2022 को प्रकाशित शीर्षक "बिहार में रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य हासिल नहीं, अब केन्द्र को अनुदान करना होगा वापस" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य (राज्य सरकार, राज्य के सभी जिलों में पाँच मेगावाट रूफटॉप सोलर लगाने का 2019 में प्रावधान किया गया था) साउथ एंड नोर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं से आवेदन माँगने के क्रम में 2 दिनों में ही 3000 उपभोक्ताओं ने अपने घर के छत पर बिहार में रूफटॉप सोलर लगाने का आवेदन किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवेदित उपभोक्ताओं में 2600 उपभोक्ताओं ने अपने घर पर रूफटॉप सोलर लगाने से मना कर दिया तथा 400 उपभोक्ताओं के छत पर 1.5 मेगावाट सोलर लगाया जा सका जिससे भारत सरकार द्वारा दी गई अनुदान की राशि वापस करनी पड़ी, यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महत्वकांक्षी योजना को लम्बित रखने वाले पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

64. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2019-20 में 520 में अधिक डेंटल सर्जन की नियुक्ति सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये 7 लाख रुपये की राशि से डेंटल सामान की खरीद की गई है परंतु किसी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डेंटल सर्जनों से डेंटल सर्जरी का काम नहीं लिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो आधारभूत संरचना निर्मित हो जाने के बावजूद डेंटल सर्जरी का काम नहीं लेने का औचित्य क्या है ?

--------

पटना :
दिनांक 11 मार्च, 2022 (ई0) ।

शैलेन्द्र सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 107(एल0ए0), 2021-22-डी0टी0पी0-550